






## एक नजर में

### पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतु गिरतीं ओस की बूंदों, घने कोहरे और कड़कड़ाती ठंड में पर्यावरण मित्रों ने किया 3 घंटे श्रमदान



**नीमच।** पेड़ पोंधे इस धरा के वैध है जो हमें मुफ्त में शुद्ध वायु आक्सीजन ही नहीं बल्कि विभिन्न प्रजातियों के फल फूल और ओषधियां प्रदान करते हैं, ये पेड़ पोंधे हमारे जीवन मित्र हैं इनके बिना हमारा जीवन संभव नहीं है इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्य निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक चहुंओर पौधे रोपित कर पेड़ बनाने के कार्य में जुटे हुए हैं अभियान के तहत रविवार दिनांक 4 जनवरी 2026 को हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में 1401 से अधिक रोपित 60 से अधिक प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोधो की सुरक्षा एवं देखभाल हेतु संस्था सदस्य प्रात: 7 से 10 बजे तक गिरतीं ओस की बुंदे, घना कोहरा और कड़कड़ाती ठंड में परिसर में रोपित पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई खरपतवार के साथ ही कंटीली झाड़ियों की साफ-सफाई कर पोधो को पानी पिलाया एवं पेड़ पौधों की सुरक्षा हेतु तार फेसिंग को सुधारा ताकि रोजड़ों से पोधो को नुक्सान न हो, इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि परिसर में रोपित सभी पोंधे शत प्रतिशत जीवित है, पोंधे धिरे धिरे पेड़ का आकार ले रहे हैं,पोधो पर विभिन्न प्रजातियों की चिड़ियां, तितलियां मंडरारी है जो पर्यावरण के साथ जैव विविधता को भी बड़ा रहीं हैं , अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, ने 3 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई

### लायंस क्लब नीमच का 24 सदस्यीय दल वियतनाम की यात्रा पर

**नीमच।** लायंस क्लब नीमच का एक पारिवारिक 24 सदस्यीय दल दिनांक 07/01/2026, बुधवार को प्रात: 10 बजे लायंस डेन से बस द्वारा अहमदाबाद जाएंगे वहां से हवाई जहाज द्वारा वियतनाम की 10 दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। उक्त जानकारी देते हुए क्लब सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा ने बताया कि लॉयंस क्लब नीमच के अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा सपत्नीक, क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन चंद्रेश - अंजू ऐरन, लायन राजेन्द्र - कृष्णा गर्ग, लायन रिखब - अनिता गोपावत, लॉयन अनिल - अल्का गोयल, लायन विजय - अरुणा मंगल, लायन महेंद्रसिंह - सोनल चौधरी, लायन अनिल - पद्मा नाहटा, लायन मनोज - कविता खिंदावत, लॉयन संतोष - रेणु चोपड़ा, लायन तुषार - प्रियल लालका, एवं लॉयन अशोक - ज्योति लोढ़ा के साथ पधार रहे हैं।लॉयंस सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा कोषाध्यक्ष लायन महेन्द्र त्रिवेदी एवं सभी क्लब सदस्यों ने विदेश यात्रा पर पधार रहे क्लब सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए मंगलमय यात्रा की कामना की है।

### शीतलहर का प्रकोप जारी सार्वजनिक अलाव जलाने की प्रशासन से की दरकार

**रामपुरा।** नगर में विगत दो दिन से लगातार शीतलहर का प्रकोप जारी है. तेज ठंडी हवा और घने कोहरे के कारण भी दिनभर सूर्य के दर्शन नहीं हो सके. इससे ठंड में काफी वृद्धि दर्ज की गयी. तापमान में लगातार गिरावट के चलते आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है. इस भीषण ठंड का असर केवल इंसानों पर ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों पर भी साफ तौर पर देखा जा रहा है. शीतलहर का सबसे अधिक असर गरीबों, राहगीरों और चौक-चौराहों व फुटपाथों पर रात गुजारने वाले लोगों पर पड़ रहा है. गर्म कपड़ों के अभाव में लोग इधर-उधर से लकड़ियां जुटाकर आग जलाकर किसी तरह ठंड से बचने का प्रयास करते नजर आये. वहीं, इस कड़ाके की ठंड से जानवर भी बेहाल दिखे. रामपुरा नगर में चौक चौराहों पर आग जलाकर लोग जहां ठंड से राहत लेते दिखे, वहीं कुछ आवारा पशु भी आग के पास आकर उससे गर्मी लेते नजर आए. इधर, अब तक नगर परिषद प्रशासन की ओर से रामपुरा के प्रमुख चौक-चौराहों पर गरीबों और आम लोगों के लिए अलाव की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है. ऐसे में कुछ स्थानीय लोग अपने निजी खर्च पर लकड़ियों की व्यवस्था कर बाजार, बस पड़ाव, चकाई चौक सहित अन्य स्थानों पर अलाव जलवाकर लोगों को ठंड से बचाव में मदद कर रहे हैं. ठंड की गंभीरता को देखते हुए नगर वासियों ने अविलंब अलाव की व्यवस्था कराने की मांग की।

### हरिद्वार से निकला अखंड ज्योति कलश रथ गायत्री प्रज्ञा पीठ रामपुरा पहुंचा

**रामपुरा।** माता भगवती जन्म शताब्दी एवं अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शांति कुंज हरिद्वार से निकला अखंड ज्योति कलश रथ सोमवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ रामपुरा पहुंचा। ज्योति कलश रथ का गायत्री परिवार के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर रथ का स्वागत किया। कलश रथ को नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गायत्री प्रज्ञा पीठ परिसर में विधिवत रूप से लाया गया। श्रद्धालुओं ने रथ में विराजमान सिद्ध शक्ति कलश की आरती की। मनासा नीमच से पधारी टोली ने सत्संग एवं माता गायत्री के भक्ति गीत गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर गायत्री परिवार के मांगीलाल जी रायकुंवर ने बताया कि अखंड ज्योति कलश रथ देशभर में भ्रमण कर रहा है। इसका उद्देश्य शांति कुंज हरिद्वार में परम पूज्य गुरुदेव द्वारा स्थापित अखंड ज्योति के नवंबर 2026 में 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले भव्य जन्म शताब्दी समारोह के लिए देशवासियों को आमंत्रित करना है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से इस ऐतिहासिक आयोजन में सहभागी बनने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जिले में सभी नागरिक क्षेत्र एवं प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों में उक्त रथ यात्रा भ्रमण करेगी कलश यात्रा का पूरे नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया नगर पंचायत परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पार्षद गण द्वारा लालबाग में पुष्प वर्षा व पूजन कर स्वागत किया गया गायत्री शक्तिपीठ रामपुरा के सभी परिजन नाका नंबर दो से गायत्री शक्तिपीठ रामपुरा तक कलश यात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया

### कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास को लेकर विशेष व्याख्यान



**नीमच।** श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या महाविद्यालय नीमच में 5 जनवरी 2026 को छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास को लेकर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. स्वाती वधवा ने मानसिक स्वास्थ्य, जीवन कौशल एवं वेलनेस से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। अपने व्याख्यान में डॉ. वधवा ने मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा, मनोविज्ञान की कार्यप्रणाली, मानव मस्तिष्क का कार्य तथा डोपामिन, सेरोटोनिन, एंडोर्फिन और ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन्स की भूमिका पर सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से प्रकाश डाला। उन्होंने दैनिक जीवन की प्रभावी योजना, परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन तथा आवश्यकता पड़ने पर सहायता लेने के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी। उनके विचार छात्राओं के लिए प्रेरणादायक और उपयोगी सिद्ध हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कालानी ने की। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. हिना हरित द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में छात्राओं ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार ने अतिथि वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

# टैगोर-मार्ग पर पार्किंग 50 नहीं 10 रुपए प्रति घंटा लगेगा

▶ **नीमच में नगरपालिका की बैठक में फैसला, सीसी रोड बनाने 4 करोड़ स्वीकृत**





**नीमच।** नीमच नगर पालिका परिषद के सम्मेलन में सोमवार को शहर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। बैठक में रखे गए कुल 25 प्रस्तावों पर लंबी चर्चा हुई, जिसके बाद सभी पर सर्वसम्मति से मुहर लगा दी गई। इसमें पार्किंग शुल्क से लेकर वार्डों के परिसीमन तक के बड़े फैसले शामिल हैं। सम्मेलन में सबसे ज्यादा चर्चा टैगोर मार्ग पर लगने वाले पार्किंग शुल्क को लेकर हुई। शुरुआत में नगर पालिका ने इसके लिए 50 रुपए का शुल्क तय किया था, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने जनता पर बोझ बढ़ने का हवाला देकर इसका कड़ा विरोध किया। बहस के बाद परिषद ने प्रस्ताव में बदलाव किया और अब 10 रुपए प्रति घंटे के हिसाब से शुल्क लेने पर सहमति बनी है।

**शहर का होगा विस्तार, 'अटल सेतु' के नाम से जानी जाएगी पुलिया**-बैठक में शहर की सीमा बढ़ाने को लेकर भी बड़ा निर्णय लिया गया। इसके तहत आसपास के गांवों को नगर पालिका सीमा में जोड़ने का प्रस्ताव सरकार को भेजा जाएगा और वार्डों का नया परिसीमन (सीमा तय करना) किया जाएगा। इसके अलावा, प्राइवेट बस स्टैंड की पुलिया का नाम बदलकर अब 'अटल सेतु' करने का फैसला लिया गया है।

**4 करोड़ से चमकेगी सड़कें, टैगोर मार्ग बनेगा 'मॉडल रोड'**-शहर के इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुधारने के लिए करोड़ों रुपए के कार्यों को मंजूरी दी गई। वार्ड नंबर 25 के टैगोर मार्ग को 'मॉडल रोड' के रूप में तैयार किया जाएगा। साथ ही वार्ड 11, 14, 15 और 16 सहित अन्य इलाकों में सीसी रोड बनाने के लिए 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की राशि स्वीकृत की गई है। टाउन हॉल के सुधार और पीएम आवास योजना के लिए नई जमीन देने के प्रस्ताव भी पास हुए।

### 400 कर्मचारियों को राहत और लीज के मामलों का निपटारा

परिषद ने मानवीय फैसला लेते हुए स्वास्थ्य, जलप्रदाय और निर्माण शाखा में काम करने वाले 400 से अधिक अस्थाई कर्मचारियों को अगले 89 दिनों के लिए फिर से काम पर रखने की मंजूरी दी। साथ ही, सेवानिवृत्त और मृतक कर्मचारियों के परिजनों को दैनिक श्रमिक के तौर पर नियुक्त करने का रास्ता साफ हो गया। इसके अलावा लीज नवीनीकरण के 61 और नामांतरण के 47 मामलों का निपटारा कर लोगों को बड़ी राहत दी गई है।




## निजी स्लीपर बस से जोधपुर जा रही 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम और 2.5 लाख नकद बरामद

▶ **सीबीएन कार्रवाई में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार**

**नीमच।** मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध सतत और प्रभावी कार्रवाई के क्रम में केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन), नीमच ने 03 जनवरी 2026 की रात एक बड़ी सफलता हासिल की। इस कार्रवाई में निजी स्लीपर बस के माध्यम से जोधपुर जा रही 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम और 2.5 लाख नकद बरामद किए गए। इस प्रकरण में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

विश्वसनीय सूचना के आधार पर सीबीएन नीमच की विशेष टीम ने नयागांव टोल प्लाजा पर रात्रि में रणनीतिक नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान संदिग्ध बस को रोका गया और गहन तलाशी ली गई। बस के चालक एवं परिचालक द्वारा छुपाई गई प्लास्टिक की थैली में पीले रंग के सेलो टेप से लिपटे पैकेट मिले। पैकेट खोलने पर हीट-सील्ड प्लास्टिक पैकेट्स में कुल 14.815 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई।

इसके अतिरिक्त, बस के स्टीयरिंग के पास 2.5 लाख नकद राशि भी जब्त की गई, जिसे अवैध मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित धन माना गया। सीबीएन ने बस के चालक और परिचालक को हिरासत में लिया और बरामद अफीम, नकद राशि तथा कल्पना ट्रैवल्स की स्लीपर बस को जब्त कर लिया। दोनों आरोपियों पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

## उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूल में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा के आवेदन करें

**नीमच।** जिला स्तरीय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नीमच एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल जावद एवं नीमच में सत्र 2026-27 में कक्षा 9वी में प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया 29 दिसम्बर से प्रारम्भ की गई है। आवेदन करने की अंतिम दिनांक 16 जनवरी 2026 हैं। राज्य ओपन बोर्ड के द्वारा प्रवेश हेतु प्रतिवर्ष चयन परीक्षा का आयोजन किया जाता है। आवेदक एम.पी.आनलाईन के माध्यम से चयन परीक्षा हेतु आवेदन प्रस्तुत करेंगे। चयन परीक्षा शुल्क राशि 200/- निर्धारित है जिसे आनलाईन आवेदन पत्र भरते समय जमा किया जा रहा है। चयन परीक्षा की तिथि 8 फरवरी 2026 निर्धारित हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एस.एम.मांगरिया ने बताया, कि उक्त चयन परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को जिला स्तर पर संचालित शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. तथा मॉडल स्कूलों में प्रवेश प्राप्त कर अध्ययन का अवसर प्राप्त होता हैं। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा उत्कृष्ट विद्यालयों एवं मॉडल विद्यालयों में बेहतर व्यवस्थाऐं प्रदान की जाती हैं। जिले के अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस हेतु आवेदन प्रस्तुत कर, चयन परीक्षा में बैठना चाहिए।

## नीमच मंडी चुनाव में राकेश भारद्वाज जीते, गोपाल गर्ग को 112 वोटों से हराया, रातभर हुई मत पत्रों की गिनती



**नीमच।** नीमच कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ के अध्यक्ष पद के चुनाव में राकेश भारद्वाज ने जीत हासिल की है। उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी गोपाल गर्ग को 112 वोटों के अंतर से हराया। इस चुनाव में रिकॉर्ड 89.3 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें 1001 पंजीकृत मतदाताओं में से 894 व्यापारियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतगणना रविवार रात से सोमवार सुबह तक चली।

अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले, कार्यकारिणी के 10 सदस्यों का चुनाव हुआ। 18 प्रत्याशियों के बीच हुई इस मत प्रक्रिया में कमलेश कुमार गर्ग (708), नवीन कुमार अग्रवाल (702), विजय कुमार जैन (663), विक्रम अजमेरा (644), संजय गर्ग (636), राहुल गोयल (573), विकास अरुण गोयल (569), प्रवीण सिंहल (548), अनिल मित्तल (535) और मनीष कुमार जैन (473) विजयी रहे। इन सदस्यों के लिए मतगणना रविवार शाम 6:30 बजे से सोमवार सुबह 6:30 बजे तक चली।

कार्यकारिणी सदस्यों के परिणामों के बाद सोमवार सुबह अध्यक्ष पद के लिए मतगणना शुरू हुई। 18 राउंड की गिनती के बाद राकेश भारद्वाज को 502 मत मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी गोपाल गर्ग को 390 वोट प्राप्त हुए। दो मत निरस्त किए गए। इस प्रकार, भारद्वाज ने 112 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।

जीत की घोषणा होते ही मंडी परिसर में जश्न का माहौल बन गया, जहां ढोल-धमाकों और आतिशबाजी के साथ समर्थकों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। राकेश भारद्वाज ने अपनी जीत पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पिछले 20 वर्षों से व्यापारियों के हितों के लिए काम कर रहे हैं और वे उनके भरोसे पर खरे उतरेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अब चुनाव समाप्त हो गए हैं और वह सभी व्यापारियों, चाहे उन्होंने वोट दिया हो या नहीं, के मान-सम्मान और हितों के लिए समर्पित रहेंगे।

# जिला अस्पताल का स्टाफ अग्निशमन यंत्र चलाने में फेल

▶ **कायाकल्प अभियान के तहत टीम ने किया निरीक्षण**



**नीमच।** कायाकल्प अभियान के तहत सोमवार को नीमच जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं और सफाई व्यवस्था की जांच के लिए निरीक्षण किया गया। मंदसौर से आई दो सदस्यीय टीम में डॉ. हिमांशु यजुर्वेदी और निलेश गर्ग शामिल थे। टीम ने अस्पताल के ट्रामा सेंटर, इमरजेंसी, डिलीवरी वार्ड, शिशु वार्ड और पर्ची काउंटर सहित सभी प्रमुख विभागों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने माइनर ओटी में सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की। यहां जब कर्मचारियों से अग्निशमन यंत्र चलाने की जानकारी पूछी गई, तो स्टाफ संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। कोई भी कर्मचारी फायर एक्सटिंगिवीशर के सही उपयोग की जानकारी नहीं दे पाया, जिस पर टीम ने नाराजगी जताई।

**सफाई व्यवस्था पर दिखी अच्छी तैयारी**-सफाई व्यवस्था को लेकर टीम को कई सकारात्मक बातें देखने को मिलीं। जैविक कचरे के निपटान की जानकारी दीवारों पर साफ-साफ लिखी हुई थी। सफाई कर्मचारियों से जब कचरा प्रबंधन को लेकर सवाल पूछे गए, तो उन्होंने सभी सवालों के सही जवाब दिए। डस्टबिन भी सही जगहों पर व्यवस्थित पाए गए, जिस पर टीम ने संतोष जताया।

**इमरजेंसी में इलाज की प्रक्रिया की जांच**-टीम ने इमरजेंसी कक्ष में ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ से मरीजों को मिलने वाले इलाज की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। इस दौरान अनुशासन और साफ-सफाई को लेकर टीम सख्त नजर आई। कर्मचारियों की यूनिफॉर्म को लेकर भी सवाल किए गए। टीम ने टिप्पणी की कि यूनिफॉर्म ऐसी लग रही है जैसे विशेष रूप से आज के लिए निकाली गई हो।

### दवाओं के स्टॉक की भी हुई जांच

निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं के स्टॉक की भी जांच की। आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और रख-रखाव को लेकर जानकारी ली गई। टीम ने संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा और व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए।




## मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बने नितिन

▶ **नीमच में ई.वी.वाहनों के शोरूम का सफल संचालन कर, आठ युवाओं को दे रहे है रोजगार**

**नीमच।** मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ उठाकर नीमच निवासी श्री नितिन वधवा न केवल इलेक्ट्रीक वाहनों के व्यवसाय का सफलतापूर्वक संचालन कर रहे है, बल्कि आठ अन्य लोगो को रोजगार भी उपलब्ध करवा रहे है। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत नीमच के श्री नितिन वधवा ने उद्योग विभाग से संपर्क कर इलेक्ट्रीक वाहनों के व्यवसाय के लिए ऑनलाईन ऋण आवदेन किया। इस पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा अम्बेडकर मार्ग नीमच से उन्हें 25 लाख रूपये का ऋण स्वीकृत किया गया। इस राशि से श्री नितिन वधवा ने महू रोड नीमच पर दो पहिया एवं तीन पहिया इलेक्ट्रीक वाहनों का शोरूम स्थापित किया। वे आज मेसर्स सुप्रीम ई.वी.के नाम से सफलतापूर्वक इलेक्ट्रानिक वाहनों के विक्रय का व्यवसाय कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे है।

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना का लाभ लेकर श्री नितिन वधवा स्वयं आत्मनिर्भर बने है। साथ ही अपने वाहन शौरूम में आठ अन्य युवाओं को भी रोजगार उपलब्ध करवा रहे है। इस योजना से मिले लाभ के लिए युवा उद्यमी श्री वधवा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं।



## सामुदायिक भवन की आंवटन भूमि पर नगर परिषद् बना रही दुकानें , पूर्व मंत्री ने किया था भूमि पूजन

**नयागांव।** नगर के प्रजापत मोहल्ला माली मोहल्ला जायसवाल मीणा मौहल्ला के नागरिकों के लिए वर्षो से वार्ड नबर 9 मे सामुदायिक भवन की मांग चली आ रही थी जिसमें पुर्व सरपच सुनिल जैन के कार्यकाल में ग्राम सभा मे ठहराव प्रस्ताव भी लिया था जिसमे मरगठ (शमशान) की भूमि सर्वे नबर 1566 रकबा 1-298 पर पर परिवर्तन हेतू जिला कलेक्टर के प्रकरण क्र 08अ -20 (5) 2022-23 मे आदेश देकर अतिक्रमण मुक्त करवाई थी वही 06-10-23 मे केबिनेट मंत्री श्री ओमप्रकाश सखलेचा वर्तमान जावद विधायक ने वार्ड न 09 मे सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया था जिसमें नगर के कई विकास कार्यो व लोकार्पण जावद रोड़ सामुदायिक भवन पर किया गया लेकिन आज दिनांक तक नगर की जनता को सुविधाओं से वचित होना पड़ रहा है लेकिन पूर्व मंत्री व विधायक सखलेचा के भूमि पूजन किया उसको नगर परिषद अधिकारी व सत्ता पक्ष वाले ही बैठे जनप्रतिनिधियों द्वारा की मन मर्जी के चलते सभी के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहे हैं जिससे विधायक व भाजपा के लोगों की किरकिरी हो रही है वही जिस जमीन का अधीग्रहण व अतिक्रमण हटाया उसमें नोटिस दिऐ उसमें भी मांगलिक भवन बनाने का उल्लेख किया गया है वही प्रशासन के आदेश की अवहेलना करके सामुदायिक भवन की भूमि पर अवैध रुप से दूकानें का निर्माण किया जा रहा है जिसे नगरवासियों में आक्रोश है जिस पर निर्माण कार्य को रुकवाया जाकर पहले सामुदायिक भवन का निर्माण करने की मांग कि है वही इस संदर्भ में जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा को भी नगरवासियों द्वारा पत्र भेजेंगे।

**एक नजर** ▶ **जावद विधानसभा के साथ ही पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार के दलदल में - इंजी नवीन कुमार**

## दवाई, पढ़ाई, कमाई और बचत का मॉडल सिर्फ आप के पास : इंद्र विक्रम सिंह



**नीमच।** देश में सैकड़ों पार्टिया है और इनमे भाजपा कांग्रेस दोनों अपने आप को सबसे बड़ी पार्टी होने का दावा करती है लेकिन आज देश में अगर दवाई, पढ़ाई, कमाई और बचत का मॉडल किसी के पास है तो वो है आम आदमी पार्टी जो मुफ्त दवाई, मुफ्त इलाज , मुफ्त विश्वस्तरीय सरकारी स्कूलो के माध्यम से पढ़ाई , रोजगार ,सरकारी नोकरिया देकर एवं कौसल का विकास कर हर वर्ग के लिए कमाई और महिलाओं के लिए मुफ्त बस सेवा बुजर्गो दिव्यांगों और विधवा महिलाओ के लिए 2500 रूपये की पेंशन देकर बचत का मॉडल पेश कर दूसरी पार्टियों के लिए एक मिसाल का कार्य कर रही है की किस प्रकार से जनता के टैक्स को रिटर्न गिफ्ट के माध्यम से पुन: जनता को लौटाकर जनता के लिए बचत की जा सकती है, उक्त उदगार आम आदमी पार्टी की सरवानिया महाराज में मध्यप्रदेश जोड़ो अभियान के अन्तर्गत आयोजित आम सभा में आम जन को सम्बोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश कोर कमिटी सदस्य इंद्र विक्रम सिंह ने व्यक्त किये।सभा को सम्बोधित करते हुए आप के जिला उपाध्यक्ष्य एवं जावद विधानसभा प्रभारी डा राजू पाल ने कहा की आज किसान यूरिया के लिए भटक रहा है किसान को अपनी फसल का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है और भाजपा किसान हितेषी होने का दावा कर रही है। सभा को महिला नेत्री राजिंदर कौर ,सत्यनारायण ओझा ,प्रहलाद काबरा , इब्राहिम पठान , तुलसीराम बामनिया, नरेंद्र पाटीदार , भगतराम भाणेज , रमेश गुर्जर सहित अन्य साथियो ने भी संबोधित किया और भाजपा सरकार को विभिन्न मुद्दों पर जमकर घेरा।

आज के कार्यक्रम में आप के अठाना पार्षद भेरूलाल भील , सेमली चंद्रावत उपसरपंच उदेराम चौहान , जोसफ जडसन , जीतेन्द्र अग्रवाल , अजय पाटीदार , पीयूष अग्रवाल , राकेश चौहान , तुलसीराम गायरी , बाबूलाल धनगर , किसन कहार , चितरंजन गेहलोत , भंवरलाल जबड़ा, भगत पटेल अशोक शर्मा ,किसनलाल सोलंकी के साथ ही सेंकडो आमजन भी उपस्थित रहे।